# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 0612-2231562, बेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in


/पटना, दिनांक 27-4-2018

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/ नि० 06-01/2018 ..371.. चूँकि तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहेब के प्रबंधक कमिटि का चुनाव बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निदेशन, नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कराया जाना है,

और चूँकि तख्त श्री हरिमंदिरजी, पटना साहेब के प्रबंधक कमिटी के कुल 15 सदस्यों में से पटना के स्थानीय सिखों से तीन सदस्यों यथा निर्वाचन क्षेत्र सं०-1, निर्वाचन क्षेत्र सं०-2 एवं निर्वाचन क्षेत्र सं०-3 तथा उत्तरी बिहार के सिंह सभा एवं सिख सोसाईटी निर्वाचन क्षेत्र एवं दक्षिण बिहार के सिंह सभा एवं सिख सोसाईटी निर्वाचन क्षेत्र से एक-एक सदस्य, यानी कुल 5 सदस्यों का निर्वाचन राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा कराया जाना है,

अत: बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली, 2008, तख्त श्री हरिमंदिरजी, पटना साहेब के संविधान एवं उपविधियाँ तथा तख्त श्री हरिमंदिरजी, पटना साहेब के प्रबंधक कमिटी के निर्वाचन की नियमावली एवं विनियम के अधीन राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के स्थानीय सिखों से तीन सदस्यों यथा निर्वाचन क्षेत्र सं०-1, निर्वाचन क्षेत्र सं०-2 एवं निर्वाचन क्षेत्र सं०-3 तथा उत्तरी बिहार के सिंह सभा एवं सिख सोसाईटी निर्वाचन क्षेत्र एवं दक्षिण बिहार के सिंह सभा एवं सिख सोसाईटी निर्वाचन क्षेत्र से एक-एक सदस्य के चुनाव हेतु **परिशिष्ट-I में संलग्न कार्यक्रम** के अनुसार दिनांक 13.07.2018 की तिथि को नियत करता है और मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र से एक सदस्य का चुनाव करें।

उक्त निर्वाचन के लिए अधिसूचित निर्वाची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी प्राधिकार द्वारा नियत कार्यक्रम के अनुसार संलग्न प्रपत्र-1 में आम सूचना निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान का समय सुबह 7.00 बजे पूर्वाह्न से 3.00 बजे अपराह्न तक होगा। मतदान समाप्ति के पश्चात् उसी दिन मतदान केन्द्र परिसर में ही संबंधित पीठासीन पदाधिकारी द्वारा मतगणना कराई जायेगी तथा मतगणना से संबंधित सभी कागजातों/ अभिलेखों को निर्वाची पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। निर्वाची पदाधिकारी द्वारा पूर्णत: संतुष्ट हो लेने एवं आवश्यक जाँचोपरान्त मतगणना परिणाम की घोषणा दिनांक 14.07.2018 को की जायेगी।

(फूल सिंह)
**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक: 371 पटना, दिनांक 27-4-2018

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को अधिसूचना की प्रति एवं सी० डी० के साथ बिहार गजट के असाधारण अंक में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 100 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक: 371 पटना, दिनांक 27-4-2018

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पटना/ अनुमंडल पदाधिकारी-सह-[illegible] निर्वाचन पदाधिकारी, पटना सिटी/ वरीय आरक्षी अधीक्षक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांकः 371 पटना, दिनांक 27-4-2018

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार/ प्रधान सचिव, गृह विभाग/ प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 371 /पटना, दिनांक 27-4-2018

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.4.18

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

# तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहेब के प्रबंधक कमिटी का निर्वाचन हेतु कार्यक्रम

**परिशिष्ट-I**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | निर्वाची पदाधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र में निर्वाचन संबंधी सूचना का प्रकाशन | | 10.05.2018 (गुरूवार) |
| (ii) | नामांकन पत्र प्राप्त करने की तिथि/ अवधि | | 30.05.2018 से 05.06.2018 तक (कार्य दिवसों को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक) |
| (iii) | प्राप्त नामांकन पत्रों की सूची (अभ्यर्थी, प्रस्तावक एवं समर्थक के विवरण के साथ) का प्रकाशन | | 06.06.2018 (बुधवार) |
| (iv) | संवीक्षा की तिथि | | 07.06.2018 (गुरूवार); पूर्वाह्न 11 बजे से। |
| (v) | संवीक्षा के दौरान निर्वाची पदाधिकारी द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण आवेदन देने की तिथि एवं समय | | 09.06.2018 (शनिवार); अपराह्न 3 बजे तक |
| (vi) | पुनरीक्षण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार निष्पादन | | 11.06.2018(सोमवार) से 14.06.2018 (गुरूवार) तक |
| (vii) | विधिमान्य रूप से नामांकित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन | | 19.06.2018 (मंगलवार) |
| (viii) | अभ्यर्थिता वापसी की तिथि/ अवधि | | 20.06.2018 (बुधवार) - 5 बजे अपराह्न तक |
| (ix) | निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन एवं प्रतीक आवंटन | | 21.06.2018 (गुरूवार) |
| (x) | निर्वाची पदाधिकारी द्वारा मतदान केन्द्रों का प्रकाशन | | 26.06.2018 (मंगलवार) |
| (xi) | मतदान की तिथि और समय (सविरोध निर्वाचन की स्थिति में) | | 13.07.2018 (शुक्रवार) (7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक) |
| (xii) | मतगणना की तिथि | | 13.07.2018 (शुक्रवार) (मतदान के समाप्ति के पश्चात् मतदान केन्द्र स्थल पर पीठासीन पदाधिकारी द्वारा) |
| (xiii) | निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन परिणाम की घोषणा | | 14.07.2018 (शनिवार) |
| (xiv) | निर्वाचन कार्यक्रम की समाप्ति | | 15.07.2018 (रविवार) |

27.4.18

(फूल सिंह)

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

# प्रपत्र-1

## तख्त श्री हरिमंदिरजी, पटना साहेब के प्रबंधक समिति के सदस्यों के निर्वाचन हेतु आम सूचना

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- ........................ दिनांक ........................ के आलोक में तख्त श्री हरिमंदिरजी, पटना साहेब के प्रबंधक कमिटी के निर्वाचन में 5 निर्वाचन क्षेत्रों से एक-एक प्रतिनिधि के निर्वाचन हेतु मतदान दिनांक 13.07.2018 को किया जाना है।

मैं ................................................ (निर्वाची पदाधिकारी का नाम), अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी -सह-निर्वाची पदाधिकारी तख्त श्री हरिमंदिरजी, पटना साहेब एतद् द्वारा आम जानकारी के लिए निम्नलिखित सूचना देता हूँ :-

i. प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित होने वाले व्यक्तियों का विवरण निम्नवत है :-

| निर्वाचन क्षेत्र का नाम | निर्वाचित किये जाने वाले कुल व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|
| 1. | 2. |
| 1. निर्वाचन क्षेत्र संख्या-1 (पटना सिटी-गुरू गोविन्द सिंह पथ से पूरब से नगर निगम सीमा के पूर्वी क्षेत्र तक) | 1 (एक) |
| 2. निर्वाचन क्षेत्र संख्या-2 (गुरू गोविन्द सिंह पथ से पश्चिम गार्डिनर रोड के पूरब तक बोरिंग रोड कॉलोनी सहित) | 1 (एक) |
| 3. निर्वाचन क्षेत्र संख्या-3 (दानापुर, खगौल, चितकोहरा, नूतन राजधानी क्षेत्र एवं पटना जिला के शेष भाग) | 1 (एक) |
| 4. उत्तर बिहार सिंह सभा एवं सिख सोसायटी निर्वाचन क्षेत्र | 1 (एक) |
| 5. दक्षिण बिहार सिंह सभा एवं सिख सोसायटी निर्वाचन क्षेत्र | 1 (एक) |

ii. नामांकन पत्र अधोहस्ताक्षरी को उनके कार्यालय ........................................ (स्थान का नाम) अथवा अपरिहार्य कारणों से उसे प्राप्त नहीं कर सकने की स्थिति में ........................ (सहायक निर्वाचन पदाधिकारी का नाम) के यहाँ दिनांक 30.05.2018 से 05.06.2018 तक कार्य दिवसों में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक दाखिल किया जा सकता है।

iii. नामांकन पत्र का प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 22.05.2018 से प्राप्त किया जा सकता है। इसे प्राधिकार के वेबसाईट **www.bsea.bih.nic.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

iv. नामांकन पत्रों की संवीक्षा दिनांक 07.06.2018 को ........................................ (स्थान का नाम) पर 11:00 बजे पूर्वाह्न में प्रारंभ होगी।

v. संवीक्षा के दौरान निर्वाची पदाधिकारी द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण आवेदन दिनांक 09.06.2018 को अपराह्न 3:00 बजे तक दिया जा सकता है।

vi. पुनरीक्षण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 11.06.2018 से 14.06.2018 तक निष्पादन किया जायेगा।

vii. अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना दिनांक 20.06.2018 को अपराह्न 5:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दाखिल की जा सकती है।

viii. विधिमान्य रूप से नामांकित सभी अभ्यर्थियों के नाम एवं आवंटित निर्वाचन प्रतीक की सूचना अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 21.06.2018 को प्रकाशित की जायेगी।

ix. सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान दिनांक 13.07.2018 को पूर्वाह्न 7:00 बजे से 3:00 बजे अपराह्न तक होगा।

x. मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्र स्थल (जिसकी सूचना 26.06.2018 को प्रकाशित की जाएगी) पर ही उसी दिन उक्त मतदान केन्द्र का मतगणना संबंधित पीठासीन पदाधिकारी द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी।

xi. पीठासीन पदाधिकारी से प्राप्त सभी मतगणना कागजातों/ अभिलेखों के सम्यक् जाँचोपरान्त निर्वाचन परिणाम का प्रकाशन दिनांक 14.07.2018 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा ........................ (स्थान का नाम) पर किया जायेगा।

स्थान-

तिथि-

अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाची पदाधिकारी

नाम, हस्ताक्षर एवं सील